# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–17 सितम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आज से 'सेवा पर्व' की शुरुआत हो गई। यह दो अक्टूबर तक चलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने आज मध्यप्रदेश के धार जिले से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने मातृ वंदना योजना के तहत पंद्रह लाख से अधिक महिलाओं को उनके खाते में धनराशि भी हस्तांतरित की।

प्रधानमंत्री ने देश भर की महिलाओं से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में अपनी जांच करवाने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया।

***हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया है। हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया अभी कल ही देश और दुनिया ने देखा है फिर एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो – रो कर अपना हाल बताया है। साथियों यह नया भारत है यह किसी की परमाणु धमकियों से डरता नहीं है।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर लखनऊ में आयोजित 'सेवा पखवाड़ा' कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि पिछले ग्यारह वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 'नए भारत' ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताओं के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं।

प्रदेश के सभी जिलों में 'सेवा पर्व' पर आज विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और लोगों के बीच प्रधानमंत्री के सम्बोधन का सजीव प्रसारण किया गया।

गोरखपुर में 'सेवा पर्व' के दौरान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान के तहत राज्य सभा सदस्य डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने पिंक कार्ड का विमोचन किया। यह कार्ड महिलाओं की सम्पूर्ण स्वास्थ्य जांच और खासतौर से कैंसर स्क्रिनिंग से सम्बन्धित है।

**********

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में डीडी नेशनल और डीडी न्यूज के लिए 'सेवा पर्व' पर कार्यक्रमों की एक विशेष श्रृंखला का शुभारंभ किया।

इस अवसर उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया भर में अपनी नई पहचान स्थापित की है। प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व की चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि श्री मोदी ने राजनीति को देश की जनता की सेवा का माध्यम बना दिया है।

कार्यक्रम के दौरान सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा कि यह एक विशेष अवसर है जब लोग राष्ट्र की परिवर्तनकारी यात्रा को स्वीकार कर रहे हैं। देश भर से बदलाव, रूपांतरण और राष्ट्र निर्माण की कहानियाँ आ रही हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किला के प्राचीर से अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों की घोषणा की थी। जीएसटी परिषद ने तीन सितम्बर को नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर की दरें कम कर दी। आज, हम कुछ ऐसी वस्तुओं के बारे में बता रहे हैं जिन पर वस्तु और सेवा कर बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है।

**नई जीएसटी सुधारों में लोहे, स्टील और लकड़ी से बने रसोई के बर्तन और शौचालय से संबंधित सामान सहित विभिन्न घरेलू सामानों पर कर की दर 12ः से घटकर 5ः कर दी गई है। लोहे या स्टील से बने केरोसिन और लकड़ी जलाने वाले चूल्हों पर भी इसी तरह की कटौती की गई है। इसके अलावा साइकिलों के साथ–साथ डिलीवरी तिपहिया साइकिल और उनके सहायक उपकरणों पर भी कर की दर 12ः से घटाकर 5ः कर दी गई है। नए जीएसटी सुधार इस महीने की 22 तारीख से लागू होंगे। सौम्या शरण, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'चलो जीते हैं' आज से दो अक्टूबर तक देशभर में पुनः प्रदर्शित की जा रही है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने बताया कि यह फिल्म स्वामी विवेकानंद के दर्शन और विचारों को एक सिनेमाई श्रद्धांजलि है। यह देशभर के लगभग पांच सौ सिनेमाघरों और स्कूलों में दिखाई जा रही है।

**********

आज विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुभकामनाएं दी हैं। इस पर्व पर निर्माण और शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की जा रही है।

**********

गोरखपुर और लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में आज रुक रुक कर मध्यम से तेज वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने कल भी पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं भारी वर्षा और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।

**********